कार्यालय जिला न्यायाधीश, मथुरा।

दिनांक 07.10.2024

विज्ञप्ति

विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम, मथुरा एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय, मथुरा के न्यायालयों में कार्य करने हेतु निम्न लिखित पदों पर चयन हेतु जिला न्यायालय एवं कलैक्ट्रेट के अवकाश प्राप्त कर्मचारियों से दिनांक 25.10.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

क्र.सं.	पद का नाम	मानदेय	रिक्तियों की संख्या
1.	रीडर	नियमानुसार मासिक मानदेय	02
2.	अहलमद	नियमानुसार गासिक मानदेय	02
3.	चपराशी	नियमानुसार मासिक मानदेय	02

अर्हतायें

1. अभ्यर्थी जिला न्यायालय/कलैक्ट्रेट से किसी भी पद से सेवानिवृत होना चाहिए।

2. अभ्यर्थी की सेवा अवधि अधिकतम 65 वर्ष तक की रहेगी।

3. चयनित रीडर एवं अहलमद संशोधित शासनादेश संख्या 3094/सात न्याय–2–201 जी०/95 दिनांकित 05.02.1997 के अनुसार मासिक मानदेय तथा चयनित चपरासी इसी संशोधित शासनादेश के अधीन दैनिक मानदेय प्राप्त करने के पात्र होंगे।

4. जो कर्मचारी दिनांक 31.10.2024 तक सेवानिवृत हो रहे हों, उपरोक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते है।

5. अभ्यर्थी को आवेदन के समर्थन में सम्बंधित विभाग से जारी सेवानिवृत का प्रमाण पत्र सेवाकाल के दौरान विगत तीन वर्षो में प्रतिकूल प्रविष्टि न होने का शपथ पत्र दाखिल करना होगा।

6. अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु आदि के सम्बंध में आवश्यक प्रपत्र संलग्न करे।

7. अभ्यर्थी संलग्नक आवेदन पत्र के प्रारूप पर आवेदन कर सकेगा।

8. चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। साक्षात्कार दिनांक 04.11.2024 को न्यायालय के सभागार कक्ष में शाम 4.30 बजे शुरू होगा।

9. यदि उक्त न्यायालयों के अस्तित्व में न रहने के सम्बंध में माननीय उच्च न्यायालय का कोई आदेश प्राप्त होता है, तो वह अभ्यर्थी की सेवा अवधि पर स्वतः प्रभावी होगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी की सेवाये बिना किसी नोटिस के किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।

कोर्ट मैनेजर, जनपद न्यायालय, मथुरा इस विज्ञप्ति की एक–एक प्रति कार्यालय जिला न्यायाधीश, मथुरा एवं कार्यालय जिलाधिकारी, मथुरा, जिला कचहरी, मथुरा के बार सघों के नोटिस बोर्डो पर चस्पा करायें। इसके अतिरिक एक–एक प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा / प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय, मथुरा को समाचार पत्रों में प्रकाशन करने हेतु तथा जिला सूचना अधिकारी एवं दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों को न्यूज आईटम के रूप में प्रकाशनार्थ प्रेषित करें।

यह विज्ञप्ति जनपद न्यायालय, मथुरा की वेवसाइड https//districts.ecourts gov.in mathura पर भी अपलोड करायें।

7-10-24.

(मनोज कुमार मिश्रा)
अध्यक्ष चयन समिति/विशेष
न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट,
मथुरा।

न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम मथुरा एवं न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय, मथुरा में रीडर, अहलमद एवं चपरासी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम अभ्यर्थी (हिन्दी में)..
   (अंग्रेजी में)..

2. पिता का नाम..
3. स्थायी पता..
   ....
   ....
4. अस्थायी/पत्राचार हेतु पता मय मोबाइल नम्बर(यदि कोई हो)......................................
   ....
   ....
5. जन्म तिथि (अंको में)..
   (शब्दों में)..
6. शैक्षणिक योग्यता..
7. सेवानिवृत्ति के पूर्व धारित पदों का वर्षवार विवरण......................................
   ....
8. सेवानिवृत्ति की तिथि..
9. अन्य सुसंगत सूचना/विवरण..

हस्ताक्षर आवेदक

घोषणा

एतद द्वारा मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त पत्र में वर्णित समत्थ तथ्य मेरे निजी ज्ञान में सही व सत्य हैं। इसमें कोई तथ्य छिपाया व असत्य नहीं है।

हस्ताक्षर आवेदक